उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 83/2021/1468/छप्पन-2021-37/2014
लखनऊ, दिनांक: 06 सितम्बर, 2021

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

कार्यालय-ज्ञाप संख्या-29/2021/504/छप्पन-2021-37/2014 दिनांक 01 मार्च, 2021 द्वारा नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई में वायुयान एवियानिक्स अनुरक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत श्री बसंत कुमार द्विवेदी की संविदा अवधि 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु में शिथिलता प्रदान करते हुए नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 2,68,019/- एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2011-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार 5% की वार्षिक वेतन वृद्धि यथासमय अनुमन्य करते हुए अग्रेतर 06 माह तक के लिए बढ़ाई गई थी, जो दिनांक 31 अगस्त, 2021 को समाप्त हो गई है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन के पत्र दिनांक 22 जुलाई, 2021 द्वारा उल्लेख किया गया है कि निदेशालय के दोनों बेल 412 हेलीकाप्टर (VT-UPO & VT-UPK) के एवियॉनिक्स अनुरक्षण कार्य हेतु निदेशालय में कार्यरत दोनों अभियन्ताओं में से श्री बसन्त कुमार द्विवेदी ही एक मात्र टाइपरेटेड एवियॉनिक्स अभियन्ता हैं। एवियॉनिक्स अनुरक्षण कार्य हेतु कार्यरत दूसरे अभियन्ता श्री कन्हैया लाल गुप्ता के लाइसैन्स पर उक्त हैलीकॉप्टर का पृष्ठांकन नहीं होने के दृष्टिगत तथा वर्तमान परिस्थितियों में विदेश में स्थित डी0जी0सी0ए0 से अनुमोदित संस्था में प्रशिक्षण नहीं कराए जा सकने के कारण श्री बसन्त कुमार द्विवेदी की संविदा अवधि कार्यहित में अग्रेत्तर छः माह (01 सितम्बर, 2021 से 28 फरवरी, 2022 तक) के लिए पुनः बढ़ाए जाने का प्रस्ताव निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा किया गया है।

3- अतः निदेशक, नागरिक उड्डयन के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई में वायुयान एवियानिक्स अनुरक्षण अभियंता के पद पर कार्यरत श्री बसंत कुमार द्विवेदी की संविदा अवधि कार्यहित/शासकीय हित में पूर्ववत सेवा शर्तों के आधार पर पुनः अग्रेत्तर छः माह (01 सितम्बर, 2021 से 28 फरवरी, 2022) तक के लिए वर्तमान पारिश्रमिक पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4- श्री बसंत कुमार द्विवेदी की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

5- श्री बसंत कुमार द्विवेदी की संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी एक-एक प्रति श्री द्विवेदी एवं शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
उप सचिव

श्री बसंत कुमार द्विवेदी,
वायुयान एवियानिक्स अनुरक्षण अभियंता (संविदा सेवा),
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

पृ0सं0- 83/2021/1468(1)/छप्पन-2021-37/2014, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री बसंत कुमार द्विवेदी से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी एक-एक प्रति श्री द्विवेदी एवं शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
3. कोषधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7।
6. गार्ड फाइल

आज्ञा से,
सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।